सत्यमेव जयते

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
**National Highways Authority of India**
(Ministry of Road Transport and Highways, Government of India)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली - 110 075 • G-5 & 6, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075
दूरभाष/Phone : 91-11-25074100 / 25074200

## भाराराप्रा / नीति दिशानिर्देश/ प्रशासन / 2026
## नीति परिपत्र सं. 1.3.3.32/2026 दिनांक 14th अक्टूबर, 2026
{(ई-ऑफिस फाइल स. ADMIN-11041/195/2025-O/o GM (HR/Admin-II)-Part(2) (कम्प्युटर सं. 314113 पर लिया गया निर्णय)}

## NHAI/Policy Guidelines/ Administration/2026
## Policy Circular No. 1.3.3.32 / 2026 dated 14th October, 2026
{(Decision taken on E-Office File No. ADMIN-11041/195/2025-O/o GM (HR/Admin-II)-Part(2) (Comp No. 314113)}

**विषय: भाराराप्रा के क्षेत्रीय कार्यालयों/ परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों में साइट इंजीनियर की तैनाती के बारे में संशोधन परिपत्र ।**

**Sub.: Amendment in NHAI Circular regarding engagement of Site Engineers at NHAI ROs/ PIUs.reg:-**

दिनांक 02.02.2026 के नीति परिपत्र संख्या 1.3.3.30/ 2026 **(प्रति संलग्न)** में आंशिक संशोधन करते हुए, उक्त नीति परिपत्र के पैरा 2(ii) की तालिका को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है:

In partial modification of the Policy Circular No. 1.3.3.30/2026 dated 02.02.2026 **(Copy enclosed)**, the table in para 2(ii) of the ibid Policy Circular is hereby substituted, as given below: -

| **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** Minimum Educational Qualification | **अंक** Marks |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक (बी.ई./बी.टेक) Graduation in Civil Engineering (B.E. / B.Tech) | • आईआईटी/एनआईटी से स्नातक अभ्यर्थियों के लिए बी.ई./ बी.टेक में न्यूनतम 70% (या 7.0 सीजीपीए) अंक Minimum 70% (or 7.0 CGPA) in B.E./B.Tech for IIT/NIT Graduates.<br>**OR**<br>• अन्य महाविद्यालयों से स्नातक अभ्यर्थियों के लिए बी.ई./ बी.टेक में न्यूनतम 75% (या 7.5 सीजीपीए) अंक Minimum 75% (or 7.5 CGPA) in B.E./ B.Tech for Graduates from other Colleges.<br>**OR**<br>• आईआईटी/ एनआईटी से सिविल इंजीनियरिंग के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर (एम.एस./ एम.टेक/ एम.एससी/ एम.ई.) की उपाधि प्राप्त ऐसे अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम पात्रता स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक 60% (या 6.0 सीजीपीए) अनिवार्य है चाहे महाविद्यालय कोई भी हो। For Candidates with Post-Graduation (M.S. / M.Tech/ M.Sc/ M.E.) in any field of Civil Engineering from IIT/NIT, the Marks in Graduation for minimum eligibility shall be 60% (or 6.0 CGPA) irrespective of College. |

Contd.....2/-

| | |
|---|---|
| | **OR**<br>• शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एनआईआरएफ (NIRF) रैंकिंग के अनुसार शीर्ष 100 रैंक वाले इंजीनियरिंग संस्थानों से सिविल इंजीनियरिंग के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर (एम.एस./एम.टेक/एम.एससी/एम.ई.) की उपाधि प्राप्त ऐसे अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम पात्रता स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक 65% (या 6.5 सीजीपीए) अनिवार्य है चाहे महाविद्यालय कोई भी हो।<br>For Candidates with Post-Graduation (M.S. / M.Tech/ M.Sc/ M.E.) in any field of Civil Engineering from Top 100 Ranked Engineering Institutes as per NIRF rankings (released by Ministry of Education), the Marks in Graduation for minimum eligibility shall be 65% (or 6.5 CGPA) irrespective of College. |
| पिछला कार्य अनुभव<br>Past Work Experience | सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव<br>Minimum 1 year in Civil Engineering Projects. |
| चयन (अर्थात प्रवेश) की तिथि पर अधिकतम आयु<br>Maximum Age at the date of Selection (i.e., entry) | 30 वर्ष<br>30 years |
| मासिक वेतनमानदेय/<br>Monthly Remuneration | रू.70,000/- (समेकित), जिसमें 5% वार्षिक वृद्धि शामिल होगी<br>Rs. 70,000 (Consolidated) with 5% Annual Increment. |

2. दिनांक 02.02.2026 के नीति परिपत्र की अन्य शर्तें और उसमें किए गए संशोधन, यदि कोई हों, अपरिवर्तित रहेंगे।
The other Terms and Conditions of the Policy Circular dated 02.02.2026 and further amendments, if any, shall remain unchanged.

3. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।
This issues with the approval of Competent Authority.

**संलग्नक : यथोपरि**
**Encl: As above.**

14/10/26

**(सीएस. संजय कुमार पटेल/ CS. Sanjay Kumar Patel )**
**प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक)समन्वय( (i/c) Chief General Manager (Coord.)**

**प्रति/ To:**

**भाराराप्रा मुख्यालय/आरओ/पीआईयू/सीएमयू/साइट कार्यालयों के सभी अधिकारी।**
**All Officers of NHAI HQ/ ROs/ PIUs/ CMUs/ Site Offices.**

**प्रतिलिपि/ Copy to:**

1. पुस्तकालय की साइट पर प्रकाशन के लिए पुस्तकालय को।
Library for hosting the Circular on Library site.
2. परिचालन के लिए वेब एडमिन को।
Web Admin for Circulation.
3. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
PPS to Secretary, MoRT&H for Kind Information.

ENCLOSURE

सत्यमेव जयते

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
# National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Government of India)
जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली - 110 075 • G-5 & 6, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075
दूरभाष/Phone : 91-11-25074100 / 25074200

## भाराराप्रा/ नीति दिशानिर्देश /प्रशासन /2026
## नीति परिपत्र संख्या 1.3.3.30 / 2026 दिनांक 02nd फ़रवरी, 2026
{(ई-ऑफ़िस फ़ाइल सं. ADMIN-11041/195/2025-O/o GM(HR/Admin-11)Part (1)(कंप्यूटर सं.) 304821 पर लिए गए निर्णय)}

## NHAI/Policy Guidelines/ Administration/2026
## Policy Circular No.1.3.3.30 /2026 dated 02nd February, 2026
{(Decision taken on ADMIN-11041/195/2025-O/o GM (HR/Admin-11) Part (1) (Comp. No. 304821)}

**विषय: भाराराप्रा के क्षेत्रीय कार्यालयों/परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों में साइट पर इंजीनियरों की नियुक्ति के लिए नीति के संबंध में।**

**Sub: Policy for engagement of "Site Engineers" at NHAI ROs/PIUs-reg.**

परियोजना साइटों पर इंजीनियरों की कमी को दूर करने तथा फील्ड कार्यालयों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से, परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों/क्षेत्रीय कार्यालयों में अल्पकालिक संविदा आधार पर अतिरिक्त साइट इंजीनियरों की भर्ती एवं नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, साइट इंजीनियरों की नियुक्ति हेतु मानदंडों, प्रक्रियाओं, पारिश्रमिक आदि का निर्धारण करते हुए दिनांक 28.11.2007, 27.01.2014, 09.08.2019, 02.11.2020 और 13.06.2022 के परिपत्रों/पत्रों के माध्यम से नीतियां निर्धारित की गईं।

In order to address the shortage of Engineers at Project Sites and to strengthen the field offices, it was decided to recruit and appoint additional Site Engineers on a short-term contractual basis in PIUs/ROs. Accordingly, Policies were framed vide Circulars/Letters dated 28.11.2007, 27.01.2014, 09.08.2019, 02.11.2020 and 13.06.2022 prescribing the norms, procedures, remuneration, etc. for engagement of Site Engineers.

**2.** दिनांक 30.12.2025 को आयोजित कार्यकारी समिति ने अपनी 697वीं बैठक में भाराराप्रा के क्षेत्रीय कार्यालयों/परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों में साइट इंजीनियरों की नियुक्ति हेतु नीति से संबंधित कार्यकारी समिति द्वारा कार्यसूची की मद संख्या 697.05 को अनुमोदित किया गया, जिसमें साइट इंजीनियरों की नियुक्ति की विधियों का निर्धारण किया गया है, जो निम्नानुसार हैं:

Executive Committee in its 697th meeting held on 30.12.2025 approved the EC Agenda Item No. 697.05 regarding Policy for engagement of Site Engineers at NHAI RO/ PIUs prescribing the modalities to engage the Site Engineers which are as below:

**Contd. ....2/-**

(i) भाराराप्रा के क्षेत्रीय कार्यालयों/परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों में तैनात किए जाने वाले साइट इंजीनियरों की गुणवत्ता में सुधार करने और ऐसे महत्वपूर्ण पदों के चयन में किसी भी प्रकार के मनमाने निर्णयों को समाप्त करने के उद्देश्य से, साइट इंजीनियरों की पात्रता मानदंडों एवं नियुक्ति की शर्तों में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है, ताकि इस भूमिका हेतु एक पारदर्शी और गैर-भेदभाव प्रक्रिया के माध्यम से सीमित अवधि के लिए सक्षम एवं मेधावी अभ्यर्थियों का चयन किया जा सके।

In order to improve the quality of Site Engineers being deployed in NHAI ROs/PIUs and in order to eliminate any arbitrary decisions in selection of such crucial positions, there is a need to modify the eligibility criteria and terms of engagement of Site Engineers so that Competent and Meritorious Candidates are selected for this role for a limited time period through a transparent and non-discretionary process.

(ii) भाराराप्रा ने पर्यवेक्षण परामर्श कार्यों के लिए प्रमुख कार्मिकों के साक्षात्कार एवं पैनल गठन के लिए स्किल ब्रिज पोर्टल विकसित किया है, जिसके अंतर्गत अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग इंफ्राकॉन पर उनके सत्यापित सीवी के आधार पर विभिन्न प्रमुख पदों के लिए की जाती है। इसी आधार पर निर्णय लिया गया है कि साइट इंजीनियरों की नियुक्ति हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियुक्त सभी प्लेसमेंट एजेंसियों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे अभ्यर्थियों का इंफ्राकॉन पोर्टल पर पंजीकरण कराएं और प्रणाली द्वारा न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग की जाएगी तथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार पैनल में सम्मिलित किया जाएगा। साइट इंजीनियरों की स्क्रीनिंग के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड निम्नानुसार हैं:

NHAI has developed Skill Bridge Portal for interview and empanelment of Key-Personnel for Supervision Consultancy assignments wherein candidates are screened for different Key-Positions based on their verified CVs on the INFRACON. On similar lines, it is decided that all the Placement Agencies appointed by ROs for engagement of Site Engineers should be required to get the Candidates registered on INFRACON Portal and the Candidates qualifying the Minimum Eligibility Criteria shall be screened by the system and such Candidates will be empanelled as per requirement. The Minimum Eligibility Criteria for screening of Site Engineers are as under:

**Contd. ....3/-**

| न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता<br>Minimum Educational Qualification | अंक<br>Marks |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक (बीई../बी.टेक)<br>Graduation in Civil Engineering (B.E./ B.Tech) | • आईआईटी/एनआईटी से स्नातक अभ्यर्थियों के लिए बी.ई./बी.टेक में न्यूनतम 70% (या 7.0 सीजीपीए) अंक<br>Minimum 70% (or 7.0 CGPA) in B.E./B.Tech for IIT/NIT Graduates.<br>• अन्य महाविद्यालयों से स्नातक अभ्यर्थियों के लिए बी.ई./बी.टेक में न्यूनतम 75% (या 7.5 सीजीपीए) अंक<br>Minimum 75% (or 7.5 CGPA) in B.E./B.Tech for Graduates from other Colleges.<br>• आईआईटी/एनआईटी से सिविल इंजीनियरिंग के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर (एम.एस./एम.टेक/एम.एससी/एम.ई.) की उपाधि प्राप्त ऐसे अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम पात्रता स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक 60% (या 6.0 सीजीपीए) अनिवार्य है चाहे महाविद्यालय को भी हो।<br>For Candidates with Post-Graduation (M.S./ M.Tech/ M.Sc/ M.E.) in any field of Civil Engineering from IIT/NIT, the Marks in Graduation for minimum eligibility shall be 60% (or 6.0 CGPA) irrespective of College. |
| पिछला कार्य अनुभव<br>Past Work Experience | सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव<br>Minimum 1 year in Civil Engineering Projects. |
| चयन (अर्थात प्रवेश) की तिथि पर अधिकतम आयु<br>Maximum Age at the date of Selection (i.e., entry) | 30 वर्ष<br>30 years |
| मासिक वेतनमानदेय/ Monthly Remuneration | रू.70,000/- (समेकित), जिसमें 5% वार्षिक वृद्धि शामिल होगी<br>Rs. 70,000 (Consolidated) with 5% Annual Increment |

(iii) साइट इंजीनियरों की कार्यावधि निम्नानुसार है:
The tenure of the Site Engineers is as under:

| | |
|---|---|
| कार्यावधि<br>Tenure | अधिकतम 5 वर्ष (इसमें किसी भी भाराराप्रा परियोजना कार्यान्वयन इकाई/क्षेत्रीय कार्यालय में साइट इंजीनियर के रूप में पूर्व सभी कार्यकाल शामिल हैं)<br>Maximum 5 years (including all previous stints as Site Engineer in any NHAI PIU/RO Office)<br><br>5-वर्षीय वितरण: आरंभ में 2 वर्ष + 3 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है (1+1+1)<br>5-year distribution: Initially 2 Years + Extendable by 3 Years (1+1+1) |

Contd. ....4/-

(iv) भाराराप्रा स्किल ब्रिज पोर्टल द्वारा पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेने से क्षे.का./ पीआईयू स्तर पर सामान्य रूप से होने वाले साक्षात्कार में होने वाली व्यक्तिनिष्ठता से बचने में मदद मिलेगी और पोर्टल भविष्य में संदर्भ और पारदर्शिता के लिए साक्षात्कार का रिकॉर्ड भी रखेगा। जो उम्मीदवार साक्षात्कार में सफल होंगे, उन्हें क्षे.का. द्वारा नियोजन के लिए पैनलबद्ध किया जाना चाहिए।

Interview of the eligible Candidates through NHAI Skill Bridge Portal would help in avoiding subjectivity of interviews generally conducted at RO/PIU level and portal also keep a record of the interview for future reference and transparency. The candidates which successfully clear the interview should be empanelled for engagement by ROs.

(v) प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा वर्तमान नियुक्ति की प्रक्रिया जारी रखा जाएगा और भाराराप्रा स्किल ब्रिज पोर्टल के पैनल में शामिल योग्य उम्मीदवारों को प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा क्षे.का./ पीआईयू के कार्यालय में भेजा जाएगा। मौजूदा साइट इंजीनियरों और संभावित उम्मीदवारों को इंफ्राकॉन पोर्टल पर अपना सीवी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

The current process of engagement of Placement Agencies to be continued and the eligible candidates from the empanelled pool on NHAI Skill Bridge portal shall be provided by the Placement Agency to the RO/PIU Office and existing Site Engineers and prospective Candidates may be encouraged to upload their CVs on INFRACON Portal.

(vi) यह नीति साइट इंजीनियरों की नियुक्ति के लिए भविष्यलक्षी प्रभाव से लागू होगी। तथापि, मौजूदा साइट इंजीनियर अनुमोदित नियुक्ति या विस्तारित अवधि तक, जैसा भी मामला हो, काम करते रहेंगे और अगर उन्होंने 31 मार्च 2026 को या उससे पहले भाराराप्रा के साथ कुल 5 वर्ष की नियुक्ति पूरी कर ली है, जो भी बाद में हो, तो उन्हें आगे विस्तार देने पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

This Policy shall be applicable prospectively for engagement of Site Engineers. However, the existing Site Engineers shall continue till approved engagement or extension period as the case may be and should not be considered for further extension in case he/she has completed cumulative engagement of 5 years with NHAI on or before 31st March 2026, whichever is later.

(vii) अधिकतम पांच (5) वर्ष के कुल कार्यकाल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भाराराप्रा मुख्यालय, सभी पीआईयू / क्षे.का. में काम करने वाले सभी साइट इंजीनियरों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाएगा, जिसमें उनके काम की अवधि के विवरण के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी या संबंधित पी.डी. द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र भी होगा, जो संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होंगे। सभी पीआईयू / क्षे.का. और प्लेसमेंट एजेंसियां किसी भी नए कार्य या विस्तार से पहले केंद्रीकृत प्रणाली में काम करने के विवरण को सत्यापित और अद्यतन करेंगे और केंद्रीकृत डेटाबेस द्वारा सत्यापित किए बिना किसी भी नई नियुक्ति या विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

To ensure effective implementation of the maximum cumulative tenure of Five (5) years, NHAI HQ shall maintain a centralized database of all Site Engineers engaged across PIUs/ROs capturing details of their period(s) of engagement along with experience certificate issued by concerned RO(s) or by the concerned PD(s) duly counter signed by respective RO. All PIUs/ROs and Placement Agencies shall verify and update engagement details in the centralized system prior to any fresh engagement or extension and no engagement or continuation shall be permitted unless duly verified through the centralized database.

**Contd. ....5/-**

(viii) इस नीति के तहत साइट इंजीनियरों की नियुक्ति पूरी तरह से संविदा, परियोजना और समय पर आधारित है, जिसका उद्देश्य सिर्फ़ अल्पकालिक परियोजना की ज़रूरतों को पूरा करना है। इस तरह की नियुक्ति से नियमित नियुक्ति या समामेलन का कोई दावा, अधिकार या ग्रहणाधिकार नहीं बनेगा, चाहे नियुक्ति का समय कुछ भी हो या कार्य निष्पादन कैसा भी हो। इस नीति के तहत साइट इंजीनियरों की नियुक्ति भाराराप्रा में नियमित नौकरी से हमेशा भिन्न रहेगी।

The engagement of Site Engineers under this Policy is purely Contractual, Project Oriented and time-bound intended to meet Short-Term Project requirements only. Such engagement shall not create any claim, right or lien on Regular Appointment or Absorption irrespective of the duration of engagement or the nature of duties performed. The engagement of Site Engineers under this Policy shall remain distinct from Regular Employment in NHAI at all times.

3. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।
This issues with the approval of the Competent Authority.

02/02/2026

**(सीएस. संजय कुमार पटेल/ CS. Sanjay Kumar Patel)**
**प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक(समन्वय) (i/c.) Chief General Manager (Coord.)**

**प्रति/ To:**

**भाराराप्रा मुख्यालय/आरओ/पीआईयू/सीएमयू/साइट कार्यालयों के सभी अधिकारी।**
**All Officers of NHAI HQ/ ROs/ PIUs/ CMUs/ Site Offices.**

**प्रतिलिपि/ Copy to:**

1. पुस्तकालय की साइट पर प्रकाशन के लिए पुस्तकालय को।
Library for hosting the Circular on Library Site.

2. परिचालन के लिए वेब एडमिन को।
Web Admin for Circulation.

3. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
PPS to Secretary, MoRTH for Kind Information.